www.govtjobsalert.in

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Center Name | iON Digital Zone iDZ 1 Sector 62 |
| Test Date | 13/06/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात सबसे बड़ा है?

Ans
✗ 1. 16 : 57
✗ 2. 28 : 60
✓ 3. 24 : 54
✗ 4. 17 : 53

**Q.2** A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज़ के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D, C के दाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। A, B के दाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। B, C का निकटतम पड़ोसी नहीं है। G, F के दाएं ठीक पड़ोस में बैठा है। C, F के बाएं ठीक पड़ोस में बैठा है। G के बाएं गिनने पर, G और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ 1. दो
✗ 2. एक भी नहीं
✗ 3. एक
✓ 4. तीन

**Q.3** एक स्मार्टवॉच सेट का अंकित मूल्य ₹640 है। इसे 30% और 25% की दो क्रमिक छूटों पर बेचा जाता है। नकद भुगतान पर 25% की अतिरिक्त छूट दी जाती है। नकद भुगतान पर स्मार्टवॉच सेट का विक्रय मूल्य (₹ में) कितना होगा?

Ans
✗ 1. 253
✗ 2. 249
✓ 3. 252
✗ 4. 251

**Q.4** तीन संख्याएँ 1 : 15 : 7 के अनुपात में हैं, और उनका LCM, 4830 है। उनका HCF ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 43
✗ 2. 41
✓ 3. 46
✗ 4. 49

**Q.5** यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

405 ÷ 2 + 369 × 9 − 32 = ?

Ans
✓ 1. 801
✗ 2. 803
✗ 3. 802
✗ 4. 804

www.govtjobsalert.in

**Q.6** फरवरी 2025 में, किस स्थान पर सीमा सड़क संगठन शिविर पर हिमस्खलन हुआ, जिसके परिणामस्वरूप आठ लोगों की मृत्यु हो गई?

www.govtjobsalert.in

Ans
- ✗ 1. लेह, लद्दाख
- ✗ 2. तवांग, अरुणाचल प्रदेश
- ✗ 3. कारगिल, लद्दाख
- ✓ 4. माणा, उत्तराखंड

**Q.7** त्रैमासिक रूप से संयोजित होने वाली 40% वार्षिक ब्याज दर से ₹2,40,000 पर 1 वर्ष में अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए?

Ans
- ✗ 1. ₹1,12,269
- ✗ 2. ₹1,10,519
- ✓ 3. ₹1,11,384
- ✗ 4. ₹1,12,281

**Q.8** 4 अप्रैल 2025 को भारत के किस बैंक द्वारा वित्तीय अपडेट के लिए एक सत्यापित व्हाट्सएप चैनल लॉन्च किया गया है?

Ans
- ✓ 1. भारतीय रिजर्व बैंक
- ✗ 2. भारतीय स्टेट बैंक
- ✗ 3. एक्सिस बैंक
- ✗ 4. बैंक ऑफ बड़ौदा

**Q.9** फरवरी 2025 में प्रक्षेपित तथा इसरो और नासा द्वारा सह-विकसित निसार (NISAR) उपग्रह किस उद्देश्य के लिए डिज़ाइन किया गया है?

Ans
- ✗ 1. सौर प्रज्वाल का पता लगाना
- ✗ 2. ग्रहों की खोज
- ✓ 3. पृथ्वी अवलोकन और जलवायु निगरानी
- ✗ 4. गहन अंतरिक्ष संचार

**Q.10** निम्नलिखित में से कौन मौर्य शासक नहीं था?

Ans
- ✗ 1. देववर्मन
- ✗ 2. बृहद्रथ
- ✓ 3. पुष्यमित्र
- ✗ 4. संप्रति

**Q.11** मनजीत ने एक व्यवसाय शुरू करने के लिए बैंक से ₹2,20,000 की राशि उधार ली। 4% वार्षिक ब्याज की दर से 2 वर्ष बाद उसे साधारण ब्याज (₹ में) के रूप में कितनी राशि का भुगतान करना पड़ेगा?

Ans
- ✗ 1. 18,600
- ✗ 2. 16,600
- ✗ 3. 2,37,600
- ✓ 4. 17,600

**Q.12** सात बक्से, A, B, C, D, E, F और G, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। C के नीचे केवल दो बक्से रखे गए हैं। A के ऊपर केवल एक बक्सा रखा गया है। A और E के बीच केवल एक बक्सा रखा गया है। B को F के ठीक ऊपर रखा गया है। D को G के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है। B के ऊपर कितने बक्से रखे गए हैं?

Ans
- ✗ 1. 4
- ✓ 2. 5
- ✗ 3. 3
- ✗ 4. 2

www.govtjobsalert.in

Q.13 दिसंबर 2022 से, GST सुधारों के सहयोग से स्थापित राष्ट्रीय मुनाफाखोरी रोधी प्राधिकरण के कार्यों को भारत में किस निकाय को हस्तांतरित कर दिया गया है?

www.govtjobsalert.in

Ans
- ✗ 1. नीति आयोग
- ✓ 2. प्रतिस्पर्धा आयोग
- ✗ 3. व्यापार उपचार महानिदेशालय
- ✗ 4. भारतीय रिजर्व बैंक

Q.14 भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार, 2011 में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व _____ में दर्ज किया गया।

Ans
- ✗ 1. चेन्नई
- ✗ 2. उप-नगरीय मुंबई
- ✗ 3. हैदराबाद
- ✓ 4. उत्तर पूर्वी दिल्ली

Q.15 इनमें से कौन-सा कृषि क्षेत्र चावल-गेहूं फसल प्रणाली के लिए सबसे अधिक जाना जाता है?

Ans
- ✓ 1. सिंधु-गंगा के मैदान
- ✗ 2. पूर्वी तटीय मैदान
- ✗ 3. पश्चिमी भारत
- ✗ 4. दक्कन का पठार

Q.16 मानव विकास रिपोर्ट 2025 में कौन-सा देश चौथे स्थान पर है?

Ans
- ✓ 1. डेनमार्क (Denmark)
- ✗ 2. लेबनान (Lebanon)
- ✗ 3. सिएरा लियोन (Sierra Leone)
- ✗ 4. ज़िम्बाब्वे (Zimbabwe)

Q.17 भारत के उत्तराखंड में जागेश्वर मंदिर परिसर के शिखरों में किस तरह की स्थापत्य शैली देखने को मिलती है?

Ans
- ✗ 1. सपाट ईंटों से बने शिखर (Flat brick shikharas)
- ✓ 2. वक्ररेखीय शिखर (Curvilinear shikharas)
- ✗ 3. बौद्ध स्तूप (Buddhist stupas)
- ✗ 4. पिरामिडनुमा मीनारें (Pyramidal towers)

Q.18 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

GOQ 35, HPR 32, IQS 29, JRT 26, ?

Ans
- ✗ 1. RPM 23
- ✗ 2. KPN 22
- ✓ 3. KSU 23
- ✗ 4. RQM 22

Q.19 'प्रिवी पर्स (privy purses)' क्या होता था?

Ans
- ✗ 1. शाही कर
- ✓ 2. एकीकरण के बाद राजकुमारों को दी जाने वाली पेंशन
- ✗ 3. ब्रिटिश सरकार से ऋण
- ✗ 4. शाही परिवारों के लिए यात्रा भत्ते

www.govtjobsalert.in

Q.20 कई विंडोज़ एप्लिकेशन में, Alt + Spacebar दबाने पर आमतौर पर निम्नलिखित में से क्या होता है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. एप्लिकेशन का मुख्य मेनू बार खुलता है
2. वर्तमान विंडो के लिए सिस्टम मेनू खुलता है (जिसमें मूव, साइज, मिनिमाइज, मैक्सिमाइज, क्लोज जैसे विकल्प शामिल हैं) ✔
3. डायलॉग बॉक्स 'रन' होता है
4. टास्क मैनेजर खुलता है

Q.21 यदि k का 25%, 10 के 1800% से 10 कम है, तो k मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 660
2. 720
3. 680 ✔
4. 640

Q.22 A, B, C, D, G, H और I एक गोल मेज के परितः मेज के केन्द्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। I के बाईं ओर से गिनने पर I और H के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। G के दाईं ओर से गिनने पर A और G के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। C, A के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। B, G के साथ-साथ H का भी निकटतम पड़ोसी है। D के बाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
1. A
2. G
3. B ✔
4. I

Q.23 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

DK26, GN33, JQ40, MT47, ?

Ans
1. PW53
2. PV54
3. PW54 ✔
4. PV53

Q.24 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर JKL एक निश्चित तर्क के अनुसार KMO से संबंधित है। PQR उसी तर्क के अनुसार QSU से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए XYZ दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
1. FED
2. ABC
3. YAC ✔
4. YZA

Q.25 एक टावर से 30 मीटर दूर खड़ा व्यक्ति, टावर के शीर्ष से 30° के उन्नयन कोण का अवलोकन करता है। टावर की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $30$ मीटर
2. $10\sqrt{3}$ मीटर ✔
3. $30\sqrt{3}$ मीटर
4. $10\sqrt{2}$ मीटर

Q.26 थार रेगिस्तान में सिंचाई में कौन-सी नहर परियोजना प्रमुख भूमिका निभाती है?

Ans
1. सरदार सरोवर नहर
2. टिहरी नहर
3. इंदिरा गांधी नहर ✔
4. यमुना नहर

www.govtjobsalert.in

Q.27 फ्रेऑन (freon) के औद्योगिक उपयोग के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

www.govtjobsalert.in

Ans
✔ 1. इसका उपयोग प्रशीतन और ऐरोसॉल उत्पादन में किया जाता है।
✘ 2. इसका उपयोग वस्त्र रंगाई के लिए किया जाता है।
✘ 3. इसका उपयोग पीड़कनाशी और कीटनाशी के रूप में किया जाता है।
✘ 4. इसका उपयोग मुख्य रूप से खाद्य प्रसंस्करण और खाद्य परिरक्षक के रूप में किया जाता है।

Q.28 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'

उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'M ÷ N – O + P × Q' है, तो M का Q से क्या संबंध है?

Ans
✘ 1. पिता
✘ 2. पत्नी का भाई
✘ 3. भाई
✔ 4. पत्नी का पिता

Q.29 $\frac{\sqrt{0.012321}}{\sqrt{0.001369}}$ को सरल कीजिए।

Ans
✔ 1. 3
✘ 2. 23
✘ 3. 18
✘ 4. 16

Q.30 निम्नलिखित संख्या-प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 8 * * € 6 % 3 2 $ # 9 9 9 2 @ # 5 3 % 9 @ 1 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक प्रतीक है?

Ans
✔ 1. 3
✘ 2. 5
✘ 3. 2
✘ 4. 4

Q.31 महालवाड़ी व्यवस्था उत्तरी और मध्य भारत के कुछ क्षेत्रों में प्रचलित थी। महालवाड़ी व्यवस्था के तहत भू-राजस्व किससे वसूला जाता था?

Ans
✔ 1. ग्राम प्रधान से
✘ 2. भू-स्वामियों से
✘ 3. धार्मिक संस्थाओं से
✘ 4. व्यक्तिगत किसानों से

Q.32 एक नाव को धारा के प्रतिकूल 40.6 km की यात्रा तय करने में 27 मिनट लगते हैं। स्थिर जल में नाव की चाल और धारा की चाल का अनुपात 8 : 7 है। नाव को धारा के प्रतिकूल 77.7 km और धारा के अनुकूल 52.5 km की यात्रा करने के लिए कुल कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans
✘ 1. 2.2
✔ 2. 0.9
✘ 3. 1.1
✘ 4. 3.7

www.govtjobsalert.in

Q.33 यदि निम्नलिखित आँकड़ों का बहुलक 165 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 150-155 | 155-160 | 160-165 | 165-170 | 170-175 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 13 | 26 | 37 | x | 27 |

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 54
2. 27
3. 57
4. 37 ✓

Q.34 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के अनुसार, कौन-सा निकाय व्यापक सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पंचायती राज व्यवस्था की नींव के रूप में कार्य करता है?

Ans
1. ग्राम पंचायत
2. जिला परिषद
3. ग्राम सभा ✓
4. न्याय पंचायत

Q.35 'c' का मान ज्ञात कीजिए ताकि द्विघात समीकरण $2x^2 - 3x + c = 0$ और $x^2 - 9x - 22 = 0$ का एक उभयनिष्ठ मूल 11 हो।

Ans
1. −209 ✓
2. −237
3. −157
4. −107

Q.36 एक ग्राफिकल ऑपरेटिंग सिस्टम के भीतर एकाधिक एप्लीकेशन के प्रबंधन के संदर्भ में, Ctrl + Tab दबाने से शुरू होने वाला विशिष्ट व्यवहार क्या है?

Ans
1. यह वर्तमान में एक्टिव एप्लिकेशन की खुली विंडोज या टैब्स पर मूव करता है। ✓
2. यह वर्तमान में एक्टिव एप्लिकेशन के भीतर एक नया टैब या विंडो ओपन करता है।
3. यह वर्तमान में एक्टिव एप्लिकेशन विंडो को टास्कबार या डॉक (dock) पर मिनिमाइज़ कर देता है।
4. यह वर्तमान में एक्टिव एप्लिकेशन विंडो को बंद कर देता है।

Q.37 G, H, I, J, K और X एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है उसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। K विषम क्रमांक वाले एक तल पर रहता है लेकिन सबसे निचले तल पर नहीं रहता है। K और G के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। I और H के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। X, K के ठीक नीचे रहता है। I के ऊपर कोई भी नहीं रहता है। J और X के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
1. दो ✓
2. तीन
3. चार
4. एक

Q.38 A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। A विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है लेकिन 3 पर नहीं। C और A जिन तलों पर रहते हैं उनका योग 4 है। E और F के बीच केवल 3 व्यक्ति रहते हैं। B, D के ठीक ऊपर रहता है। D और E जिन तलों पर रहते हैं उनका योग 10 है। F से नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
1. 4
2. 2
3. 1 ✓
4. 3

www.govtjobsalert.in

Q.39 एक निश्चित कूट भाषा में, 'GIVE' को '6482' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'VOLT' को '3671' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'V' के लिए कूट क्या होगा?

www.govtjobsalert.in

Ans ✔ 1. 6

✗ 2. 7

✗ 3. 8

✗ 4. 3

Q.40 दूसरी शताब्दी ई. के मध्य में मथुरा और गुजरात के क्षेत्रों पर शासन करने वाला रुद्रदामन किस वंश से संबंधित था?

Ans ✔ 1. शक

✗ 2. शुंग

✗ 3. पल्लव

✗ 4. पाल

Q.41 पाँच संख्याओं का योग 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 77 है और तीसरी संख्या 129 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans ✗ 1. 207

✗ 2. 187

✔ 3. 186

✗ 4. 206

Q.42 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

46 55 78 87 110 119 ?

Ans ✗ 1. 137

✗ 2. 150

✗ 3. 128

✔ 4. 142

Q.43 MS पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन को .pdf फ़ाइल के रूप में सेव करने का मुख्य लाभ क्या है?

Ans ✗ 1. यह उपयोगकर्ताओं को किसी भी PDF व्यूअर में स्लाइड को संशोधित करने के लिये इनेबल करता है।

✗ 2. यह सभी MS पावरपॉइंट एनिमेशन को रन करता है।

✔ 3. यह फ़ाइल के साइज को कम करता है और अवांछित एडिटिंग को रोकता है।

✗ 4. यह स्वचालित रूप से टेक्स्ट को विभिन्न भाषाओं में अनुवादित करता है।

Q.44 यदि संख्या 3762184 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या में सबसे बड़े तथा सबसे छोटे अंकों का योग कितना होगा?

Ans ✗ 1. 7

✔ 2. 8

✗ 3. 6

✗ 4. 9

Q.45 यदि संख्या 7142568 के प्रत्येक सम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार बनने वाली नई संख्या में बायीं ओर से पहले अंक तथा दायीं ओर से पहले अंक का योगफल कितना होगा?

Ans ✔ 1. 17

✗ 2. 15

✗ 3. 10

✗ 4. 14

www.govtjobsalert.in

Q.46 एक सम बहुभुज के लिए, अंतः कोणों का योगफल उसके बाह्य कोणों के योगफल से 100% अधिक है। बहुभुज के प्रत्येक अंतः कोण की माप x° है। x का मान ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 120 ✔
2. 125 ✘
3. 100 ✘
4. 140 ✘

Q.47 किसी वस्तु को ₹6,833 में बेचने पर अर्जित लाभ प्रतिशत, उसी वस्तु को ₹1,447 में बेचने पर हुई हानि प्रतिशत के बराबर है। 45% लाभ अर्जित करने के लिए वस्तु को किस मूल्य पर (₹ में) बेचा जाना चाहिए?

Ans
1. 6,005 ✘
2. 6,002 ✘
3. 6,003 ✔
4. 6,001 ✘

Q.48 छोटानागपुर पठार किस नदी तंत्र द्वारा अपवाहित है?

Ans
1. तापी ✘
2. गोदावरी ✘
3. कृष्णा ✘
4. दामोदर ✔

Q.49 A, B और C का वेतन 3 : 10 : 8 के अनुपात में है। यदि उनके वेतनों में क्रमशः 10%, 61% और 20% की वृद्धि की जाती है, तो उनके वेतनों का नया अनुपात क्या होगा?

Ans
1. 34 : 167 : 103 ✘
2. 35 : 163 : 102 ✘
3. 33 : 161 : 96 ✔
4. 30 : 165 : 98 ✘

Q.50 सत्र न्यायाधीश द्वारा पारित निम्नलिखित में से किस दंड में उच्च न्यायालय द्वारा अनिवार्य पुष्टि की आवश्यकता होती है?

Ans
1. 10 वर्ष से अधिक कारावास ✘
2. 5 वर्ष से अधिक कारावास ✘
3. आजीवन कारावास ✘
4. मृत्युदंड ✔

Q.51 यदि समांतर चतुर्भुज का एक कोण उसके आसन्न कोण के चार बटे पांच (4/5) से 27° कम है, तो समांतर चतुर्भुज का सबसे छोटा कोण ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 65° ✔
2. 70° ✘
3. 50° ✘
4. 45° ✘

Q.52 एक नल किसी टंकी को 18 घंटे में भरता है। दूसरा नल पूरी भरी हुई टंकी को 19 घंटे में खाली कर देता है। यदि टंकी प्रारंभ में पूरी खाली है और दोनों नल एक साथ खोले जाते हैं, तो टंकी का एक-तिहाई भाग भरने में कितना समय (घंटे में) लगेगा?

Ans
1. 228 ✘
2. 342 ✘
3. 114 ✔
4. 456 ✘

Q.53 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन अंकीय संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 740 636 787 884 316 (दाएं)

www.govtjobsalert.in

(उदाहरण - 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम क्या होगा?

Ans
1. 13
2. 15
3. 17
4. 14 ✓

Q.54 49 + [7 + {63 - (27 ÷ 9)} ÷ 6] का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 76
2. 63
3. 74
4. 66 ✓

Q.55 इनपुट टैक्स क्रेडिट (ITC) की निर्बाध और सीवनहीन श्रृंखला, निम्नलिखित में से किस कर में करों के सोपानन से बचने का एक तंत्र है?

Ans
1. समतुल्यीकरण शुल्क
2. प्रतिकारी शुल्क
3. एंजल टैक्स
4. GST ✓

Q.56 Windows 11 डेस्कटॉप पर कौन-सा एलिमेंट उपयोगकर्ताओं को कई खुली विंडोज़ और वर्चुअल डेस्कटॉप तक त्वरित रूप से पहुंचने की सुविधा देता है?

Ans
1. टास्क व्यू (Task View) ✓
2. कंट्रोल पैनल (Control Panel)
3. फ़ाइल एक्सप्लोरर (File Explorer)
4. स्टार्ट मेनू (Start Menu)

Q.57 उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

SW-NR-IM
IM-DH-YC

Ans
1. UY-PT-LO
2. HL-DG-XB
3. FJ-AE-WZ
4. YC-TX-OS ✓

Q.58 यदि चार संख्याओं का औसत 40 है और उन चार संख्याओं में से तीन संख्याएँ 40, 42 और 55 हैं, तो चौथी संख्या कौन-सी होगी?

Ans
1. 27
2. 29
3. 21
4. 23 ✓

www.govtjobsalert.in

Q.59 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'smooth long drive' को 'zi ma tu' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'challenging mountain drive' को 'fo se zi' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'drive' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

www.govtjobsalert.in

Ans
✔ 1. zi
✘ 2. se
✘ 3. fo
✘ 4. ma

Q.60 तीन संख्याओं x, y और z का योगफल 12 है और उनके वर्गों का योगफल 20 है, तो $x^3 + y^3 + z^3 - 3xyz$ का मान कितना होगा?

Ans
✘ 1. $305$
✘ 2. $-305$
✘ 3. $504$
✔ 4. $-504$

Q.61 A किसी कार्य को 14 दिनों में पूरा कर सकता है और B इसे 10 दिनों में पूरा कर सकता है। यदि वे पहले दिन B से शुरू करते हुए एकांतर दिनों पर कार्य करते हैं, तो कार्य कितने दिनों में पूरा हो जाएगा?

Ans
✔ 1. $11\frac{3}{5}$
✘ 2. $10\frac{3}{5}$
✘ 3. $11\frac{2}{3}$
✘ 4. $10\frac{2}{3}$

Q.62 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

892 890 886 880 872 ?

Ans
✘ 1. 863
✔ 2. 862
✘ 3. 860
✘ 4. 861

Q.63 एक तैराक धारा की दिशा में 40 km/hr और धारा की विपरीत दिशा में 26 km/hr की चाल से तैर सकता है। स्थिर जल में तैराक की चाल कितनी है?

Ans
✔ 1. 33 km/hr
✘ 2. 26 km/hr
✘ 3. 40 km/hr
✘ 4. 42 km/hr

Q.64 40वें संशोधन अधिनियम, 1976 के संदर्भ में, समुद्री क्षेत्रों की कौन-सी श्रेणी संसद के विधायी क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आती है?

Ans
✘ 1. अंतर्देशीय नदियां और झीलें
✘ 2. अंतर-राज्यीय नदी जल
✘ 3. भूजल भंडार
✔ 4. प्रादेशिक जल और EEZ

www.govtjobsalert.in

Q.65 मार्च 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लेने के लिए किस देश का दौरा किया?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. सेशेल्स (Seychelles) ✗
2. मालदीव (Maldives) ✗
3. मॉरीशस (Mauritius) ✓
4. फ़िजी (Fiji) ✗

Q.66 रोहन बिंदु A से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और उत्तर की ओर 8 km ड्राइव करता है। फिर बाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है फिर से बाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। फिर से वह बाएं मुड़ता है और 14 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री मोड़ हैं।)

Ans
1. 2 km, पूर्व की ओर ✗
2. 3 km, पश्चिम की ओर ✗
3. 3 km, पूर्व की ओर ✗
4. 2 km, पश्चिम की ओर ✓

Q.67 गौण कोशिकाओं का क्या कार्य है?

Ans
1. रंध्री संबंधी कार्य में द्वार कोशिकाओं का समर्थन ✓
2. प्रकाश संश्लेषण के लिए प्रकाश का अवशोषण ✗
3. पोषक तत्वों के अधिग्रहण, रक्षा और पाचन के लिए एंजाइमों का स्राव ✗
4. पोषवाह (फ्लोएम) के माध्यम से भोजन का परिवहन ✗

Q.68 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. UZ – BY ✗
2. EJ – LI ✗
3. JO – QM ✓
4. LQ – SP ✗

Q.69 प्रेक्षणों 9, 6, 4, 2, 5, 2, 9, 2, 1, 9, 4, 5, 9, 5, 4 और 8 का बहुलक ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 6 ✗
2. 2 ✗
3. 9 ✓
4. 4 ✗

Q.70 एयरो इंडिया 2025 में DRDO ने, भारतीय नौसेना के लिए विमान प्रक्षेपण क्षमताओं को बढ़ाने हेतु एक नई तकनीक का अनावरण किया। इस तकनीक का नाम क्या है?

Ans
1. एकीकृत लॉन्च असिस्ट सिस्टम (ILAS) ✗
2. इलेक्ट्रो-मैग्नेटिक लॉन्च सिस्टम (EMLS) ✓
3. मैग्नेटिक एयरक्राफ्ट लॉन्च सिस्टम (MALS) ✗
4. एडवांस्ड कैटापुल्ट लॉन्च मैकेनिज्म (ACLM) ✗

Q.71 53 cm त्रिज्या वाले एक गोले को पिघलाकर एक शंकु बनाया जाता है जिसके आधार की त्रिज्या, गोले की त्रिज्या के बराबर है। शंकु की ऊँचाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 219 ✗
2. 205 ✗
3. 212 ✓
4. 215 ✗

www.govtjobsalert.in

Q.72 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनो/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

www.govtjobsalert.in

Ans
1. AWRP
2. JFAY
3. RNIG
4. HDVW

Q.73 CPU की निम्न में से किस विशेषता द्वारा यह निर्धारित किया जाता है कि वह प्रति सेकंड कितने इन्सट्रक्शन प्रोसेस कर सकता है?

Ans
1. कैश साइज़ (Cache size)
2. विद्युत खपत (Power consumption)
3. क्लॉक स्पीड (Clock speed)
4. रजिस्टरों की संख्या (Number of registers)

Q.74 भारत ने स्वतंत्रता के बाद आयात प्रतिस्थापन औद्योगिकीकरण (Import Substitution Industrialisation - ISI) की नीति अपनाई। 1980 के दशक तक ISI के नेतृत्व वाली कार्यनीति के समक्ष निम्नलिखित में से क्या सामान्य बाधा (common limitation) थी?

Ans
1. अत्यधिक निर्यात
2. तकनीकी पिछड़ापन
3. उपभोक्ता मांग की कमी
4. कुशल श्रम की कमी

Q.75 एक शंक्वाकार बर्तन की आधार त्रिज्या 6 cm और ऊँचाई 20 cm है। बर्तन में तब तक जल डाला जाता है जब तक कि इसका $\frac{3}{4}$ भाग जल से भर न जाए। बर्तन में जल का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 171π
2. 180π
3. 184π
4. 187π

Q.76 1857 का विद्रोह 10 मई को निम्नलिखित में से किस स्थान पर शुरू हुआ, जब सिपाहियों ने विद्रोह कर दिया और बहादुर शाह द्वितीय को गद्दी पर पुनः बिठाने के लिए दिल्ली की ओर कूच किया था?

Ans
1. मैसूर
2. मेरठ
3. अवध
4. कानपुर

www.govtjobsalert.in

Q.77 इस प्रश्न में, अक्षरों के एक समूह को नीचे दी गई तालिका और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार संख्याओं और प्रतीकों का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है।
www.govtjobsalert.in

| अक्षर | U | M | S | J | P | T | F | E | A |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | 7 | 4 | @ | $ | % | * | 6 | 2 | 3 |

शर्तें:
1. यदि पहला अक्षर स्वर है और तीसरा अक्षर व्यंजन है, तो दोनों को व्यंजन के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।
2. यदि पहला और अंतिम अक्षर स्वर है, तो दोनों को 'N' के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।
3. यदि दूसरा और अंतिम अक्षर स्वर है, तो उनके कूटों को आपस में बदला जाना चाहिए।

निम्नलिखित अक्षरों के लिए कूटों का सही संयोजन (केवल लागू शर्त/शर्तों का अनुसरण करके) क्या है?
SEMTU

Ans
✗ 1. @ 2 4 * 7
✓ 2. @ 7 4 * 2
✗ 3. @ 2 4 * 2
✗ 4. @ 7 4 * 7

Q.78 यदि 36 तथा Z का तृतीयानुपाती 4 है, तो Z का धनात्मक मान क्या होगा?

Ans
✓ 1. 12
✗ 2. 11
✗ 3. 14
✗ 4. 9

Q.79 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी बाइक, सड़क हैं।
कुछ सड़क, टीवी हैं।
कुछ टीवी, कप हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी सड़क, बाइक हैं।
(II) सभी सड़क, टीवी हैं।

Ans
✓ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✗ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✗ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✗ 4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Q.80 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाओं के परिणामस्वरूप दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी तरह, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाओं के परिणामस्वरूप तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी तरह आगे की संख्याएं प्राप्त होती है। दिए गए विकल्पों में से कौन सा विकल्प दिए गए समुच्चयों के समान संक्रियाओं के समुच्चय का अनुसरण करता है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए- 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि 13 पर किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

6 - 12 - 15 - 30; 4 - 8 - 11 - 22

Ans
✗ 1. 12 - 14 - 28 - 30
✗ 2. 1 - 2 - 4 - 16
✗ 3. 8 - 16 - 19 - 36
✓ 4. 11 - 22 - 25 - 50

www.govtjobsalert.in

Q.81 1857 के विद्रोह के निम्नलिखित प्रमुख केंद्रों में से किसे सितंबर 1857 में विद्रोही ताकतों से वापस ले लिया गया था?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. दिल्ली ✔
2. मद्रास ✘
3. सूरत ✘
4. बॉम्बे ✘

Q.82 निम्नलिखित में से किसमें प्राचीन तमिल साहित्य से आठ काव्य संकलनों का संग्रह है?

Ans
1. सिलप्पदिकारम (Silappatikaram) ✘
2. तोल्कप्पियम (Tolkappiyam) ✘
3. एतुत्तौके (Ettuttokai) ✔
4. पट्टुप्पट्टू (Pattuppattu) ✘

Q.83 ब्रिटिश भारत में नगरपालिका शासन पहली बार कब शुरू किया गया था?

Ans
1. 1882 ✘
2. 1687 ✔
3. 1919 ✘
4. 1850 ✘

Q.84 6 पेन और 5 पेंसिल की कीमत ₹259 है। यदि एक पेन की कीमत ₹9 कम हो जाती है और एक पेंसिल की कीमत ₹4 बढ़ जाती है, तो 19 पेन और 2 पेंसिल की कीमत ₹90 हो जाती है। 13 पेन और 2 पेंसिल की मूल कीमत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹199 ✔
2. ₹197 ✘
3. ₹202 ✘
4. ₹195 ✘

Q.85 2019 नागरिकता संशोधन अधिनियम के अंतर्गत कितने धार्मिक समुदाय शामिल हैं?

Ans
1. 3 ✘
2. 5 ✘
3. 7 ✘
4. 6 ✔

Q.86 विपुल अपनी आय का 55% खर्च करता है। यदि वह ₹18,000 की बचत करता है, तो उसकी आय (₹ में) कितनी है?

Ans
1. 40,000 ✔
2. 39,000 ✘
3. 9,900 ✘
4. 41,000 ✘

Q.87 यूनेस्को ने 24 जनवरी 2025 को कौन-सा वैश्विक उत्सव मनाया?

Ans
1. विश्व विज्ञान दिवस ✘
2. अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस ✔
3. विश्व धरोहर दिवस ✘
4. अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस ✘

www.govtjobsalert.in

Q.88 उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

www.govtjobsalert.in

OL-QN-SU
LI-NK-PR

Ans
1. RO-TQ-VY
2. RO-TQ-VX
3. SO-TR-VY
4. SO-TQ-VY

Q.89 6%, 28% और 15% की तीन क्रमिक छूटों के बराबर एकल छूट (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 42.47%
2. 42.63%
3. 45.25%
4. 44.65%

Q.90 ऋतुराज बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 11 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है, फिर से दाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। वह फिर से दाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार दाएं मुड़ता है और 1 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं)

Ans
1. 2 km, पश्चिम की ओर
2. 1 km, पश्चिम की ओर
3. 4 km, पश्चिम की ओर
4. 3 km, पश्चिम की ओर

Q.91 IIFA अवार्ड, 2025 में 'मडगांव एक्सप्रेस' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशन पदार्पण (Best Directorial Debut) का पुरस्कार किसने जीता?

Ans
1. किरण राव
2. श्रीराम राघवन
3. कुणाल खेमू
4. बिप्लब गोस्वामी

Q.92 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 3 € & £ @ * # 1 $ € @ © € © & 1 € 4 1 2 4 © (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

Ans
1. 4
2. 2
3. 1
4. 3

Q.93 मार्च 2025 में, दीप्ति शर्मा ने ICC महिला ऑलराउंडर रैंकिंग में कौन-सी रैंक हासिल की?

Ans
1. चौथी
2. पाँचवीं
3. छठी
4. तीसरी

www.govtjobsalert.in

Q.94 गैस स्टोव की ज्वाला ________________ के कारण नीली होती है।

www.govtjobsalert.in

Ans
1. अपर्याप्त ऑक्सीजन
2. खतरनाक दहन
3. वायु में हाइड्रोजन की उपस्थिति
4. ईंधन के पूर्ण दहन ✔

Q.95 यदि '÷' और '-' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '+' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

89 ÷ 4984 – 89 × 9 + 2 = ?

Ans
1. 15
2. 55
3. 92
4. 51 ✔

Q.96 $\frac{2}{8} + \frac{2}{8} + \frac{1}{16} + \frac{2}{8} - 1$ को सरल कीजिए।

Ans
1. $-\frac{3}{16}$ ✔
2. $\frac{1}{16}$
3. $\frac{4}{16}$
4. $-\frac{8}{16}$

Q.97 पंकज आडवाणी ने 2025 एशियाई स्नूकर चैम्पियनशिप के फाइनल में निम्नलिखित में से किसे हराया?

Ans
1. आमिर सरकोश (Amir Sarkosh) ✔
2. मोहसेन बुकशाइशा (Mohsen Bukshaisha)
3. अहसन रमजान (Ahsan Ramzan)
4. हबीब शालाबी (Habib Shalaby)

Q.98 उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

NK-RO-VX
LI-PM-TV

Ans
1. IG-NL-RU
2. JG-NK-RU
3. JG-NK-RT ✔
4. IG-NK-RU

Q.99 थार रेगिस्तान का अधिकांश भाग भारत में स्थित है, जो ________ राज्यों में फैला हुआ है।

Ans
1. राजस्थान, गुजरात, पंजाब और मध्य प्रदेश
2. राजस्थान, गुजरात, पंजाब और हरियाणा ✔
3. राजस्थान, गुजरात, पंजाब और हिमाचल प्रदेश
4. राजस्थान, गुजरात, पंजाब और उत्तर प्रदेश

www.govtjobsalert.in

Q.100 स्वामित्व योजना (SVAMITVA scheme) के तहत, ग्रामीण भारत में भूमि स्वामित्व का मानचित्रण करने के लिए किस आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाता है?

www.govtjobsalert.in

Ans

1. ब्लॉकचेन ✗
2. कृत्रिम बुद्धिमत्ता ✗
3. ड्रोन सर्वेक्षण ✓
4. सैटेलाइट रडार इमेजिंग ✗

www.govtjobsalert.in